# विश्व आर्थिक मंच की बैठक में होगी यूपी की ब्रांडिंग

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने दावोस (स्विटजरलैंड) में आयोजित हो रहे विश्व आर्थिक मंच की बैठक में अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों के बीच राज्य की प्रभावी ब्रांडिंग करने का फैसला किया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्लूईएफ)-2024 में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहा है।

14 से 19 जनवरी तक चलने वाले कार्यक्रम में वैश्विक व्यापार जगत के प्रतिनिधियों व उद्योग क्षेत्र के दिग्गजों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा का मंच मिलेगा। इस विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह व विशेष सचिव शशांक त्रिपाठी और यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला शामिल हैं। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता और निवेश के लिए पूरी तरह से तैयार है। हम उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ सार्थक विचार-विमर्श करने में विश्वास रखते हैं। प्रतिनिधिमंडल बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ, सीएक्सओ और सीएफओ के साथ संवाद करेगा।

## आईआईडीसी की अगुवाई में दावोस पहुंचा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ होगा संवाद




दावोस मे यूपी पवेलियन में बैठक करते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य। - सूचना विभाग

## दावोस में यूपी का अत्याधुनिक पवेलियन

निवेशकों से चर्चाओं के लिए उत्तर प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी ने प्रोमेनेड-49 में एक अत्याधुनिक पवेलियन बनाया है। यह पवेलियन अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के सामने उत्तर प्रदेश के बिजनेस इको सिस्टम और उसकी बहुमुखी संभावनाओं का प्रदर्शन करेगा। विश्व आर्थिक मंच 2024 में भागीदारी से उत्तर प्रदेश अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा।